## नक्सली विस्फोट में सीआरपीएफ के 9 जवान शहीद, 2 घायल

जगदलपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आज दोपहर नक्सलियों द्वारा एंटी लेंड माईंस वाहन में किए गए बारूदी सुरंग विस्फोट में सीआरपीएफ के 9 जवान शहीद हो गए, वहीं 2 जवान गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। घायलों को क्रिस्टराम में प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकाप्टर से रायपुर रेफर किया जा रहा है। शहीद जवानों के हथियार नक्सली लूटकर ले गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार क्रिस्टराम थाने से सीआरपीएफ 212वीं बटालियन का बल एंटी लेंड माईंस व्हीकल में सवार होकर सड़क निर्माण में संलग्न श्रमिकों की सुरक्षा के लिए ग्राम पालोदी की ओ रवाना हुआ था। जंगल में घात लगाए नक्सलियों ने पुलिस को निशाना साधते हुए बारूदी सुरंग विस्फोट कर दिया। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और वाहन में सवार आठ जवान मौके पर ही शहीद हो गए, जबकि अन्य एक जवान की उपचार के दौरान सांसे थम गयीं। 2 अन्य जवान गंभीर रूप में घायल हो गए हैं। विस्फोट के बाद नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग भी की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फौरन मोर्चा संभालते हुए गोलीबारी की। लगभग एक घंटे की मुठभेड़ बाद अंततः नक्सली घने जंगल और पहाड़ी की आड़ लेकर भाग गए। 9 जवानों की शहादत एवं 2 के घायल होने की पुष्टि करते हुए बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया कि घायलों को रायपुर रेफर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही अविलंब अतिरिक्त पुलिस बल रवाना कर दिया गया है।

## विवेकानंद के नाम को बदनाम कर रहा अस्पताल प्रबंधन

जगदलपुर,(आरएनएस)। आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा पोषित स्वामी विवेकानंद आदिवासी अस्पताल के प्रबंधन की लापरवाही के कारण जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल से कई लोगों की छटनी की जा रही है तो यहां के मरीजों को देखने के लिए किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं की जा रही है जिससे सभी लोग परेशान हैं। इस अस्पताल को खोलने का उद्देश्य गरीब आदिवासियों को स्वास्थ्य सुविधा मिल जाएगी किंतु इस संस्थान से जुड़े लोग आदिम जाति कल्याण विभाग से राशि तो ले रहे हैं और उस राशि का कहां उपयोग कर रहे हैं वह बताने वाला कोई नहीं है। अस्पताल की दुर्दशा ऐसी हो गई है की कोई मरीज भी नहीं आना चाहता है। स्वामी विवेकानंद को मानने वाली भगवा ब्रिगेड की चुप्पी भी इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। कांग्रेस पार्टी के बस्तर लोकसभा आईटी सेल के अभिषेक प्रताप सिंह एवं वार्ड के मनमोहन यादव ने बताया कि यह समस्या कई दिनों से चल रही है किंतु उसको सुधार ने प्रबंधन गंभीर नहीं है। मामले को लेकर युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव सुशील मौर्य और युवा नेता जाहिद खान पहुंचे तथा प्रबंधन से बातचीत की किंतु किसी भी प्रकार का निष्कर्ष इन पंक्तियों के लिखे जाने तक नहीं निकल पाया। ज्ञात हो कि यह मामला कई दिनों से उठा है और वार्ड के लोगों ने भी इस मामले को लेकर जमकर प्रदर्शन किया उसके बावजूद प्रशासन के कानों में जूं नहीं रेंग रही।

## पूज्य सिंधी पंचायत चेट्रीचंड्र महोत्सव का आयोजन करेगी 11 से

रायपुर, (आरएनएस)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महावीर नगर पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा चेट्रीचंड्र महोत्सव (भगवान झूलेलाल का अवतरण दिवस)11 मार्च से 20 मार्च के मध्य आयोजित किया जा रहा है। पंचायत के संरक्षक लक्ष्मण दास लालवानी प्रवक्ता बंटी जुमनानी एवं अध्यक्ष निहालचंद्र जयसिंघानी ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि 10 दिवसीय आयोजन के तहत प्रथम दिवस पंचायत भवन सिंधु धाम का भूमि पूजन द्वितीय दिवस बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता के लिए पंजीयन तृतीय दिवस भगवान झूलेलाल की मूर्ति स्थापना एवं खेलों का आयोजन चतुथ दिवस भगवान झूलेलाल को 55 भोग का अर्पण, भजन पंचम दिवस मेगा रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं दवा वितरण का आयोजन संत आसूदाराम भवन शुभम विहार महावीर नगर में चिकित्सकों के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में थैलेसिमिया के मरीजों की विशेष जांच की जाएगी। साथ ही शिविर में आये मरीजों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था होगी। सप्तम दिवस खेले में विजयी बच्चों को पुरस्कार वितरण के साथ सम्मान समारोह का आयोजन गया है। अष्ठम दिवस सुबह 10 से 1 बजे के मध्य प्रसाद एवं शरबत का कार्य साईं मंदिर के सामने किया जाएगा। नवम दिवस 12 बजे हवन एवं पूजन अर्चना का आयोजन किया गया है। दशम दिवस विशाल प्रांगण में संगीतमयी शाम का आयोजन सामाजिक संस्थाओं का सम्मान महावीर नगर के रहवासी सिंधी परिवारों के लिए भोजन प्रसाद वितरण के साथ ही निःशुल्क सिंधी पंचांग दिया जाएगा। वार्ताकारों ने बताया कि सिंधु समाज द्वारा समाजसेवा के कार्यों के तहत बढ़ते कदम के सौजन्य से स्वर्गरथ फ्रीजर एवं गरीब परिवारों के मृत सदस्य के मृत्यु से संबंधित कार्य को निःशुल्क किया जाता है। भगवान झूलेलाल महोत्सव के अवसर पर दीपावली की भांति रौशनी करने का आग्रह अपने घरों में सिंधु परिवारों से किया गया है। साथ ही अब तक भगवान झूलेलाल की मूर्ति के निःशुल्क वितरण के लिए 71 आवेदन आ चुके है। 10 दिवसीय कार्यक्रम में समाज के स्वंयसेवी सदस्य समाज के प्रत्येक घर में पहुंचकर दीयों एवं मूर्ति का वितरण निःशुल्क करेंगे।

## गर्मियों की शुरुआत में लेयरिंग देगी स्टाइल के साथ कंफर्ट

सर्दियां जा चुकी हैं, ऐसे में मार्च का समय फैशन और मौसम के लिहाज से जरा ट्रिकी होता है। दिन के वक्त आप खुले कपड़ों में अच्छा फील करती हैं और सूरज ढलते ही आपको एक लेयर की जरूरत महसूस होने लगती है। अगर फैशन की बात करें तो लेयरिंग का ट्रेंड काफी पुरानी है लेकिन अभी भी हिट है। यहां हैं लेयरिंग के लिए कुछ टिप्स और ट्रिक्स...लेयरिंग का फायदा गर्मी की शुरुआत होते ही लेयर्स फैशन को अपनाने का यह फायदा है कि अचानक मौसम बदलने पर आपको परेशान नहीं होना पड़ता। डिजाइनर नैना जैन कहती हैं, टेंपरेचर में उतार-चढ़ाव को फेस करने के लिए लेयरिंग काफी हेल्पफुल होती है। इतना ही नहीं ऑफिस में भी एसी में अगर आपको ठंड लगती है तो आपके लिए लेयरिंग बढ़िया ऑप्शन है। ऐसे करें लेयरिंग लेयरिंग करते वक्त कपड़ों को थोड़ा बैगी लुक में रखें ताकि स्किन से हवा पास होती रहे। डिजाइनर वर्षा वधवा सलाह देती हैं कि शॉर्ट और लॉन्ग जैकेट खरीदें। इनका फैब्रिक लिनेन, कॉटन, जर्सी, सिल्क, शिफॉन और जॉर्जेट रखें। मौके के हिसाब से इन्हें शर्ट, ट्यूब या टैंक टॉप के साथ पहनें। वर्षा कहती हैं, लेयरिंग के वक्त ध्यान रखें कुछ भी ज्यादा भारी-भरकम न लगे। भले ही कॉन्ट्रास्ट हो लेकिन कलर साथ में अच्छे लगें। रखें बैलेंस्ड लुक टॉप में लेयरिंग करें तो बॉटम सिंपल रखें। शॉर्ट्स के अंदर टाइट्स और स्कर्ट के अंदर जींस न पहनें। बैलेंस्ड लुक के लिए शर्ट, जैकेट्स, कोट्स वगैरह के साथ लेयरिंग करें तो पैंट्स सिल्म या स्किनी रखें। उदाहरण के लिए लूज बॉयफ्रेंड टीशर्ट के साथ स्ट्रक्र्ड ब्लेजर या निटेड टॉप के अंदर फिटिंग का टॉप। ऐसा न हो कि सारे कपड़े ही लूज हों। ध्यान रखें कि आउटर लेयर इनर लेयर से लंबी हो। गर्मी का रखें ध्यान गर्मी के लिए लाइट-वेट लेयर्स चुनें। इसके लिए स्कार्व्स, जैकेट, श्रग, केप जैकेट या कोट्स वगैरह चुनें। किमोनो और वॉटरफॉल जैकेट्स भी पहन सकती हैं। साड़ी पर लेयरिंग करने के लिए लॉन्ग शीयर जैकेट्स और केप्स ट्राई करें। इस वक्त लॉन्ग कढ़ाई वाली या हैंड प्रिंट वाली जैकेट्स फैशन में हैं। इनको एथनिक और वेस्टर्न दोनों स्टाइल में पहन सकते हैं। गर्मियों में शिफॉन और जॉर्जेट की लेयरिंग बढ़िया लगती है।

## दांत के दर्द से है परेशान, तो आपकी रसोई में है इसका इलाज

आपने अक्सर लोगों को दांत में दर्द होने की शिकायत करते सुना होगा. दांतों में कीड़े लगने या कैविटी हो जाने की वजह से यह परेशानी होने लगती है. दर्द वैसे तो कहीं का भी बहुत परेशान करता है लेकिन दांत की दर्द इसलिए भी ज्यादा असहनीय हो जाता है, क्योंकि दांत के दर्द का कनेक्शन सिर होता है. कई बार लोग इस दर्द से निजात पाने के लिए दांत को उखड़वाना ही बेहतर विकल्प समझते हैं, अगर आपको भी कभी-कभी दांतों के दर्द से दो-चार होना पड़ता है, तो आपकी रसोई में ही इसके बेहतर उपाए है, जिनके इस्तेमाल से आपको तुरंत राहत मिल सकती है. सरसों का तेल दांत के दर्द से परेशान हैं तो तीन से चार बूंद सरसों के तेल में एक चुटकी नमक डालकर दांतों और मसूड़ों पर हल्के हाथ से मसाज करें. इससे न सिर्फ दांतों में दर्द से आराम मिलेगा बल्कि मसूड़े भी मजबूत होंगे है. सरसों के तेल का इस्तेमाल अगर आप नियमित करते हैं, तो यह आपके दांतों की चमक कभी भी फीकी नहीं पड़ेगी. **प्याज** वैसे तो प्याज को हम सब्जियों में डालकर या सलाद में खाते हैं, लेकिन अगर आपके दांत में दर्द है तो यह आपके दर्द को दूर करने में भी सहायक हो सकता है. डॉक्टर्स की माने तो हर तीन मिनट पर एक स्लाइस प्याज की खाने से मुंह में मौजूद कीटाणु मर जाते हैं और दर्द में तुरंत आराम मिलता है.**लहसुन** लहसुन सेहत के लिए बहुत लाभदायक होता है. पेट और ब्लड सर्कुलेशन के लिए सिर्फ लहसुन फायदेमंद नहीं बल्कि दांतों में दर्द के इलाज के लिए भी लहसुन रामबाण इलाज है. लहसुन की एक कली के काफी फायदे होते हैं. इसमें एन्टीबैक्टीरियल गुण दांत के दर्द से राहत दिलाते हैं. लहसुन की एक कली पीसकर लगाने या नमक में डुबोकर चबाने से दांत दर्द में राहत मिलती है.**लौंग** आपने अक्सर लोगों से सुना होगा कि दांत में दर्द है तो लौंग से बहुत आराम मिलता है. दरअसल, लौंग में औषधीय गुण होते हैं. जो कीटाणुओं को समाप्त करता है. लौंग के उपयोग से बैक्टीरिया और अन्य कीटाणु खत्म होते हैं. तेज दर्द के दौरान दर्द वाले हिस्से पर लौंग का तेल लगाना बेहद फायदेमंद है.**टी बैग** अक्सर आप टी बैग का इस्तेमाल सिर्फ चाय पीने के लिए करते होंगे, लेकिन इसका एक और फायदा तब होता है जब आपके दांत में दर्द और सूजन हो. इसमें मौजूद एंटीसेप्टीक सूजन या दर्द को भी दूर करता है. इसके अलावा यह दांत और मसूड़ों से जुड़ी समस्याओं को भी सुलझाता है.

## शासकीय भवनों में तोड़फोड़ करने वाले 3 मिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

नारायणपुर,(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की नारायणपुर जिला पुलिस ने दबिश देकर शासकीय भवनों में तोड़-फोड़ के आरोपी 3 जनमिलिशिया सदस्य नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा एवं डीआईजी पी सुंदरराज ने बताया कि डीआरजी की नक्सल विरोधी अभियान पर ग्राम कानागांव की ओर पुलिसबल रवाना किया गया था। सर्चिंग के दौरान ग्राम कानागांव के जंगल में कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर लुक-छिप रहे थे। पुलिस पार्टी द्वारा 03 संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम-1 सैतु मण्डावी, 2 सन्नूराम आंचला एवं 3 मसिया कोर्राम तीनों ही (इरकभट्टी मिलिशिया सदस्य) बताया। तीनों ही नक्सली विगत 14 सितंबर 2017 को कोहकामेटा में निर्माणाधीन शासकीय भवनों की तोड़फोड़ में शामिल रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार तीनों नक्सली सदस्यों को नक्सली कमाण्डर-कौशिल्या द्वारा वर्ष 2010 में नक्सली संगठन में शामिल कर इरकभट्टी मिलिशिया सदस्य की जिम्मेदारी दी गई थी।

## लोक सुराज अभियान में निगम अधिकारियों ने वार्डों में सुनी समस्याएं

जगदलपुर, (आरएनएस)। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत आज लोक सुराज अभियान मे समाधान शिविर का हुआ आगाज जिसमें नगर निगम क्षेत्र के प्रवीर वार्ड विजय वार्ड शिव मंदिर वार्ड भैरम देव वार्ड सुभाष वार्ड सदर वार्ड के लिये शिविर इंदिरा गाँधी स्कूल मे लगाया गया। जिसमें आयक्त एके हलधर समाधान शिविर मे दिनभर रहकर वार्डो से आ रहे लोगों से अवगत हुये। आयक्त ने बताया कि लोक सुराज अभियान मे ड़ोर से प्रथम चरण मे आये मांग शिकायत पर नगर निगम द्वारा वार्ड में जाकर उन समस्याओं को दूर कर लोगों से संतुष्टी पत्र लिया गया साथ ही समाधान शिविर की जानकारी भी वार्ड में घर घर जाकर भी दिया जा रहा है। समाधान शिविर में कुल 90 लोग पहुंचे जिसमें समाधान की जानकारी दिया गया। साथ ही इस शिविर में नगर निगम सीएसईबी, वन विभाग, खाद्य विभाग, उद्योग विभाग, संबधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित हो रहे है। आज भगतसिंह वार्ड, वीर सावरकर, भगतसिंह सिविल लाइन, श्यामाप्रसाद, गुरुघासी दास, लाल बहादर शास्त्री, चंद्रशेखर वार्ड में समाधान शिविर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक लगाया गया।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु General Knowledge

- मराठा साम्राज्य का संस्थापक कौन था। शिवाजी
- भागवद्गीता योगवशिष्ठ उपनिषद् एवं रामायण का फारसी अनुवाद किसने करवाया। दाराशिकोह
- धरमट का युद्ध किसके बीच हुआ। दाराशिकोह एवं औरंगजेब के मध्य
- औरंगजेब को किस नाम से जाना जाता था। जिंदा पीर
- शिवाजी द्वारा लगाए गए दो कर कौन से थे। सरदेशमुखी
- लम्पट मूर्ख किसे कहा जाता था। जहांदार शाह को
- रंगीला बादशाह किसे कहा जाता था। मुहम्मदशाह को
- ईरान का नेपोलियन किसे कहा गया। नादिरशाह को
- मुगल दरबार में आने वाला प्रथम अंग्रेज कौन था। कैप्टन हॉकिन्स
- गुरुमुखी लिपि का आरंभ किसने किया। गुरु अंगद ने
- खालसा पंथ की स्थापना किसने की। गुरु गोविन्द सिंह ने
- फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना किसने की। लार्ड वेलेजली ने
- भारत में पहली बार सार्वजनिक निर्माण विभाग की स्थापना किसने की। लार्ड डलहौजी ने
- अजमेर में मेयो कॉलेज की स्थापना किसने की। लॉर्ड मेयो
- भारत के उद्धारक की संज्ञा किसे दी गई। लॉर्ड रिपन
- शिमला समझौता कब हुआ। 1972
- स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल कौन था। लॉर्ड माउंटबेटन
- तात्या टोपे का वास्तविक नाम क्या था। रामचन्द्र पांडुरंग
- इंग्लैंड में भारतीय सुधार समिति की स्थापना किसने की। दादा भाई नौरोजी
- जलियांवाला बाग हत्याकांड में जनरल डायर का सहयोग करने वाले भारतीय का नाम बताओ। हंसराज
- मेवाड़ में भील आंदोलन का नेतृत्व किसने किया। मोतीलाल तेजावत
- साइमन कमीशन को और किस नाम से जाना जाता है। वाइट मैन कमीशन
- प्रथम गोलमेज सम्मेलन कब हुआ। 12 सितम्बर 1930
- तरुण स्त्रीसभा का स्थापना कहां की गई थी। कलकत्ता
- मनुष्य ने सर्वप्रथम किस धातु का प्रयोग किया। तांबा
- भारत का भूगोल नामक पुस्तक किसने लिखी। टॉलमी
- सुभाष चंद्र बोस का सर्वप्रथम नेताजी किसने कहा था। एडोल्फहिटलर
- महात्मा गांधी को अधनंगा फकीर किसने कहा था। चर्चील
- बल्लभ भाई पटेल को सरदार की उपाधि किस आंदोलन के बाद प्रदान की थी। बारदोली सत्याग्रह
- जय हिंद का नारा किसने दिया था। सुभाष चंद्र बोस
- भारत को तलवार के बल पर विजित किया गया है और तलवार के बल ही इसकी रक्षा की जाएगी यह कथन है। लॉर्ड एल्गिन
- जनवरी 1879 में ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया को किस उपाधी से सम्मानित करने के लिए दिल्ली दरबार का आयोजन किया गया। कैसर.ए.हिंद
- चौदहवीं लोकसभा के अध्यक्ष कौन थे। सोमनाथ चटर्जी
- सरिस्का में बाघों के विलुप्त होने की घटना की जांच हेतु केंद्र सरकार ने किसकी अध्यक्षता में कार्यदल बनाया है। सुनिता नारायण

## मुख्यमंत्री ने की बिलासपुर-मुंगेली जिलों की समीक्षा

रायपुर, (आरएनएस)। प्रदेशव्यापी लोक सुराज अभियान के तहत मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने आज शाम संभागीय मुख्यालय बिलासपुर में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर दो जिलों-बिलासपुर और मुंगेली के विकास कार्यों की समीक्षा की। डॉ. सिंह ने लोक सुराज अभियान में प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का मैदानी स्तर पर प्रचार-प्रसार उन योजनाओं से संबंधित विभागों के मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों की भी जिम्मेदारी है। डॉ. सिंह ने प्रत्येक विभाग के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि उनके विभाग के जिला, विकासखण्ड और ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी ग्राम सभाओं में तथा अन्य अवसरों पर भी लोगों को अपनी विभागीय योजनाओं के बारे में बताएं और उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करें। नगरीय प्रशासन तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्री अमर अग्रवाल, लोकसभा सांसद लखनलाल साहू, प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव अजय सिंह, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव अमन कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग के सचिव सुबोध कुमार सिंह, बिलासपुर संभाग के कमिश्नर टी.सी. महावर और अन्य संबंधित विभागों के राज्य, संभाग तथा जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, सौभाग्य योजना, जिला खनिज निधि, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, उज्जवला योजना, सौर सुजला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं राज्य और केंद्र द्वारा प्रवर्तित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। योजनाओं के प्रचार-प्रसार की जरूरत पर बल देते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि जानकारी के अभाव में कई जरूरतमंदों उनका लाभ नहीं उठा पाते हैं। उन्होंने घरों और मजरों-टोलों में बिजली पहुंचाने की सौभाग्य योजना का उदाहरण दिया और इस प्रकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिये शिविर लगाने के भी निर्देश दिये। डॉ. सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर से सौभाग्य रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समीक्षा बैठक के दौरान लोक सुराज में प्राप्त आवेदन और निराकरण की जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई। कलेक्टर पी दयानंद ने बताया कि लोक सुराज में 2 लाख 27 हजार आवेदन मिले हैं। जिनमें से लगभग सभी शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। राशन कार्ड हेतु पांच हजार आवेदनों में से चार हजार से ज्यादा लोगों के नाम जोड़े जा चुके हैं। ट्रांसफॉर्मर एवं बिजली के खंभों हेतु प्राप्त 1240 आवेदनों में से 940 की स्वीकृति दी जा चुकी हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में 15 हजार 540 के लक्ष्य के सापेक्ष 11 हजार 359 आवास पूर्ण हो चुके हैं। स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में मुंगेली कलेक्टर एन एन एक्का ने बताया कि हितग्राहियों को सौ फीसदी राशि का स्थानांतरण हो चुका है। वहीं बिलासपुर में 84 फ़ीसदी राशि का स्थानांतरण हितग्राहियों के खाते में हो चुका है। बिलासपुर कलेक्टर ने बताया कि मिशन के तहत बनाये गये टॉयलेट का 90 फ़ीसदी लोग उपयोग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ सिंह ने कलेक्टरों को जिला खनिज निधि का भरपूर उपयोग करने के निर्देश दिये। डॉ सिंह ने कहा स्वीकृत राशि से ज्यादा की कार्ययोजनाएं बनाएं जिससे काम में गति मिलेगी। विकास कार्यों में बजट की कमी राज्य सरकार की तरफ से नहीं होगी। बिलासपुर कलेक्टर पी दयानंद ने मुख्यमंत्री डॉ सिंह को बताया कि जिला खनिज निधि के लये 688 करोड़ की कार्ययोजना बनाई है जिसके अंतर्गत दिव्यांग आवासीय विद्यालय, बंद नल-जल योजनाओं की बेहतरी, हमर जंगल हमर आजीविका के तहत रोजगार, जॉगर्स पार्क का निर्माण कराया जायेगा। इसके अलावा नवाचार के तहत प्रत्येक सप्ताह टीएल मीटिंग में दूरस्थ ब्लॉक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जाती है। जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने मनरेगा के तहत हो रहे मजदूरी भुगतान की जानकारी दोनों कलेक्टर से ली। बिलासपुर कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष 92.84 करोड़ की राशि का भुगतान हो चुका है वहीं मुंगेली कलेक्टर एक्का ने बताया कि 63.23 करोड़ की राशि का भुगतान किया जा चुका है। बिलासपुर में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना अंतर्गत 28 और मुंगेली में 16 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। सौभाग्य योजना के बारे में मुख्यमंत्री ने दोनों कलेक्टरों को निर्देश दिये कि योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाये। बिलासपुर में अब तक 4 हजार 848 और मुंगेली में 2 हजार 36 कनेक्सन दिये जा चुके हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुये डॉ सिंह ने कहा कि प्रभावित किसानों की जानकारी भेजने में पूरी सावधानी बरती जाए। बीमा कंपनी को जानकारी भेजने में कहीं भी गलती नहीं होनी चाहिये। सौर सुजला योजना अंतर्गत इस वर्ष बिलासपुर 547 पंप और मुंगेली में 998 पंप स्थापित किये जा चुके हैं। समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ सिंह ने बरगीकला के संवरा जाति के विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि ये बच्चे सांप दिखाकर आर्थिक स्थिति को ठीक करने की कोशिश करते थे लेकिन प्रशासन ने बच्चों और उनके परिजनों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिये प्रेरित किया और अब ये बच्चे मन लगाकर स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं।